दिन–शुक्रवार दिनांक– 23 / 01 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के दौरान आज मुजफ्फरपुर जिले में आठ सौ तिरेपन करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने एक सौ चौरानवे करोड़ रूपये की लागत वाली नवासी योजनाओं का शिलान्यास और दो सौ बारह करोड़ रुपये की लागत वाली सैंतालीस योजनाओं का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने लालू परिवार पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले जो व्यवस्था थी उसे ठीक करने के लिए वो लगातार काम कर रहे है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजद के शासनकाल में महिलाओं के विकास के लिए कुछ नहीं किया गया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत स्थानीय सांसद और अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। समृद्धि यात्रा का दूसरा चरण सत्ताईस जनवरी से शुरू होगा।

————————————————————————————

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत अगले डेढ़ साल में अपना मोबाइल ब्रांड लॉन्च करेगा। श्री वैष्णव ने दावोस में विश्व आर्थिक मंच की बैठक के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत में एक मजबूत इलेक्ट्रॉनिक्स इकोसिस्टम है और अब मोबाइल फोन के क्षेत्र में अपना ब्रांड लाने का समय आ गया है।

————————————————————————————

केंद्र सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की सामान्य बीमा कंपनियों और नाबार्ड के वेतन संशोधन को मंजूरी दे दी है। भारतीय रिजर्व बैंक और नाबार्ड के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन में भी संशोधन को मंजूरी दी गई है। वित्त मंत्रालय के अनुसार इन उपायों से लगभग छियालीस हजार से अधिक कर्मचारियों और तेईस हजार से अधिक पेंशनभोगियों

को लाभ मिलेगा। सामान्य बीमा कंपनियों के कर्मचारियों के वेतन में संशोधन पहली अगस्त, दो हजार बाईस से प्रभावी होगा।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने डायल एक सौ बारह के चालकों की सेवा अवधि एक साल के लिए बढ़ा दी है। इसके साथ ही उनका मानदेय भी पचीस हजार रूपये से बढ़ाकर तीस हजार रूपये प्रतिमाह कर दिया है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि डायल एक सौ बारह के चालकों को चार हजार रूपये वार्षिक वर्दी भत्ता भी दिया जायेगा।

———————————————————————————

संस्कृति मंत्रालय नेताजी सुभाष चंद्र बोस की एक सौ उनतीसवीं जयंती के उपलक्ष्य में आज से अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में पराक्रम दिवस—दो हजार छब्बीस का आयोजन कर रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने भी पराक्रम दिवस पर नेताजी को भावभिनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

———————————————————————————

बसंत पंचमी और सरस्वती पूजा का त्योहार आज देश और प्रदेश में धार्मिक श्रद्धा, आस्था और पारम्परिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। माघ शुक्ल पंचमी का यह दिन ज्ञान, विवेक, कला और संगीत की देवी सरस्वती की उपासना का दिन है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी शुभकामनाएं दी हैं। इधर, सरस्वती पूजा के अवसर पर प्रदेशभर में कई अयोजन किये जा रहे हैं। विभिन्न जिलों से हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि मां सरस्वती की प्रतिमा के साथ विभिन्न पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है।

———————————————————————————

औरंगाबाद और रोहतास जिले की सीमा पर बारुण थाना क्षेत्र में स्थित एनएच–उन्नीस के सोन पुल पर मरम्मत कार्य के लिए पांच दिन तक वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद रहेगा। इस दौरान वाहनों का परिचालन पुराने पुल से होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुल के ज्वाइंट सस्पेंशन में आई खराबी के कारण निर्माण कंपनी ने मरम्मत कार्य के लिए इस संबंध में जिला प्रशासन को सूचना दी है।

———————————————————————————

समाप्त